प्रश्न–पुस्तिका संख्या	प्रश्न–पुस्तिका में 32 पृष्ठ हैं	**PAPER-31** प्रश्न पुस्तिका	प्रश्न–पुस्तिका सीरीज़

A

जब तक आपको कहा न जाए तब तक आप प्रश्न पुस्तिका को नहीं खोलें।

समय : दो घण्टे	**अनुदेश**	पूर्णांक : 150

1. कृपया अपने रोल नम्बर ओ.एम.आर. पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

रोल नम्बर	

2. प्रश्न–पुस्तिका हल करने से पूर्व परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की भलीभाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि :
   - प्रश्न–पुस्तिका संख्या एवं **OMR Answer Sheet No.** एक समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की सीरीज समान हैं।
   - प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 150 तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार मौजूद हैं।
3. किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी की होगी।
4. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
5. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है। यदि आपको लगता है कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो आप उस उत्तर का चयन करें जो आपको सर्वाधिक सही लगे।
6. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग से दिये गये ओ.एम.आर. पर ही अंकित करने हैं।
7. ओ.एम.आर. को भरने हेतु निर्देश ओ.एम.आर. के पृष्ठ भाग पर अंकित हैं, जिन्हें ओ.एम.आर. को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ लें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में रफ–कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. की **ORIGINAL COPY** एवं **DEPARTMENT COPY** को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
11. परीक्षा समाप्त होने पर केवल ओ.एम.आर. (**OMR**) की **CANDIDATE'S COPY** को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. प्रश्नों के लिए अंक मूल्यांकन व्यवस्था :
    (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए **1** अंक दिया जाऐगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (ii) यदि परीक्षार्थी किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है, तो उसे गलत मानते हुए ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए ¼ अंक काटा जायेगा।
    (iii) यदि परीक्षार्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उसका कोई भी उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।

चेतावनी – अगर कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा जाता है या उसके पास कोई अनाधिकृत सामग्री पाई जाती है तो उस परीक्षार्थी अभ्यर्थी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग उसे अपनी समस्त परीक्षाओं से वर्जित कर सकता है।

यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दी गई प्रश्न–पुस्तिका सीलबंद है।

अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) .....

अनुक्रमांक अंकों में .....

शब्दों में .....

परीक्षा केन्द्र का नाम : .....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..... अभिजागर के हस्ताक्षर : .....

Q1 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

शहमात : शतरंज : : पेनल्टी स्ट्रोक : ?

(A) क्रिकेट

(B) हॉकी

(C) वॉलीबॉल

(D) रग्बी

Q2 उस संख्या का चयन करें जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार से संबंधित है जिस प्रकार से दूसरी संख्या पहली संख्या से संबंधित है।

13 : 31 : : 17 : ?

(A) 38

(B) 71

(C) 51

(D) 85

Q3 एक निश्चित कूट भाषा में CARD को ECTF के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में SOFT को कैसे लिखा जाएगा?

(A) UQHV

(B) UPGV

(C) UQIW

(D) UPHW

Q4 एक निश्चित कूट भाषा में MANGO को 57943 और LEAD को 8176 लिखा जाता है। उसी भाषा में ALMOND को कैसे लिखा जाएगा?

(A) 785936

(B) 785396

(C) 758936

(D) 759863

Q5 एक लड़का एक लड़की का परिचय "अपनी इकलौती बुआ की माँ के इकलौते बेटे की बेटी के रूप में देता है।" लड़की का लड़के से क्या संबंध है?

(A) बहन

(B) चाची

(C) माँ

(D) बेटी

Q6 एक बिल्ली पश्चिम की ओर 50 m दौड़ती है। फिर वह बाईं ओर मुड़ती है और 50 m दौड़ती है। इसके बाद वह फिर से बाईं ओर मुड़ती है और 50 m दौड़ती है। अंत में, बिल्ली प्रारंभिक बिंदु से किस दिशा में है?

(A) पश्चिम

(B) पूर्व

(C) दक्षिण

(D) उत्तर

Q7 गीता दक्षिण की ओर 10 km चलती है। वह दाईं ओर मुड़ती है और 20 km चलती है। वह फिर से दाईं ओर मुड़ती है और 10 km चलती है। अंत में वह दाईं ओर मुड़ने के बाद 10 km और चलती है। वह अपने आरंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर है?

(A) 5 km

(B) 10 km

(C) 20 km

(D) 30 km

Q8 L # M का अर्थ है कि L, M की पुत्री है,

L $ M का अर्थ है कि L, M की माँ है,

L % M का अर्थ है कि L, M का भाई है,

यदि, J $ H % K # G है, तो J का K से क्या संबंध है?

(A) पत्नी

(B) बहन

(C) पुत्री

(D) माँ

Q9 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, यह निर्धारित करें कि कौन सा/ से निष्कर्ष दिए गए कथन का अनुसरण करता/ करते है/ हैं।

कथन: माया के पास कक्षा में चार पेंसिलें हैं।

निष्कर्ष:

I. कक्षा में कम से कम एक विद्यार्थी के पास ठीक चार पेंसिलें हैं।

II. कक्षा के सभी विद्यार्थियों के पास प्रत्येक विद्यार्थी चार पेंसिलें हैं।

(A) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(B) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q10 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, यह निर्धारित करें कि कौन सा/ से निष्कर्ष दिए गए कथन का अनुसरण करता/ करते है/ हैं।

कथन: जापानी वास्तुकला को दुनिया में सबसे अच्छी वास्तुकलाओं में से एक माना जाता है।

निष्कर्ष:

I. किसी अन्य देश में सबसे अच्छी वास्तुकला नहीं है।

II. जापानी वास्तुकला की अनूठी विशेषताओं ने इसे लोकप्रिय बना दिया है।

(A) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(B) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q11 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए यह निर्धारित करें कि कौन सा/ से निष्कर्ष दिए गए कथन का अनुसरण करता/ करते है/ हैं।

कथन: केंद्र सरकार ने पानी की समस्या का समाधान करने के लिए राज्यों में बांधों का निर्माण किया है।

निष्कर्ष:

I. बांध पानी की समस्या का समाधान करते हैं।

II. जिन राज्यों में बांध नहीं हैं वे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

(A) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(B) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q12 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, यह निर्धारित करें कि कौन सा/ से निष्कर्ष दिए गए कथन का अनुसरण करता/ करते है/ हैं।

कथन: एक चक्रीय चतुर्भुज के सभी चार शीर्ष वृत्त की परिधि पर स्थित हैं।

निष्कर्ष:

I. चतुर्भुज का एक कोना वृत्त की परिधि को नहीं स्पर्श करता है।

II. चतुर्भुज वृत्त के भीतर उत्कीर्णित है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q13 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन है जिसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, निर्धारित करें कि कौन सा तर्क प्रबल है।

कथन: क्या दैनिक आहार में फास्ट फूड का सेवन करने से बचना चाहिए।

तर्क:

I. हां, फास्ट फूड खाने से हृदय रोगों का जोखिम बढ़ जाता है।

II. नहीं, ऐसे खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट और पकाने में आसान होते हैं।

(A) केवल तर्क I प्रबल है।

(B) केवल तर्क II प्रबल है।

(C) तर्क I और II दोनों प्रबल हैं।

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

Q14 निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन है जिसके बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। दिए गए कथन को सत्य मानते हुए, यह निर्धारित करें कि कौन सी धारणा/धारणाएं कथन में निहित है/हैं।

कथन: फूलों का एक गुलदस्ता किसी ऐसे व्यक्ति के लिए एक आदर्श उपहार होता है जिससे आप प्यार करते हैं।

धारणाएं:

I. फूलों के गुलदस्ते को उपहार देने योग्य वस्तु के रूप में माना जा सकता है।

II. आमतौर पर लोग अपने प्रियजनों को उपहार देते हैं।

(A) न तो धारणा I और न ही धारणा II निहित है।

(B) धारणा I और II दोनों निहित हैं।

(C) केवल धारणा I निहित है।

(D) केवल धारणा II निहित है।

Q15 नीचे दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो अन्य से असंगत है।

(A) 37

(B) 79

(C) 122

(D) 113

Q16 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अन्य से असंगत है?

(A) आंख

(B) नाक

(C) जीभ

(D) गर्दन

Q17 दिए गए विकल्पों में से असंगत अक्षर समूह का चयन कीजिए।

(A) AZY

(B) FUT

(C) IRQ

(D) LOP

Q18 कौन सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगी?

19, 38, 57, 76, ?

(A) 75

(B) 85

(C) 95

(D) 105

Q19 कौन सा अक्षर (अक्षरद्विक) दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा?

XW, UT, RQ, ON, ?

(A) LK

(B) ML

(C) RQ

(D) ON

Q20 कौन सा अक्षरांकीय पद दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा?

G7, L12, Q17, ?

(A) U22

(B) V21

(C) V22

(D) U21

Q21 कौन सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगी?

11, 22, 25, 50, 53, 106, ?

(A) 109

(B) 206

(C) 212

(D) 318

Q22 यदि $45 \div 15 = 30$, $23 \div 10 = 13$ है, तो $90 \div 15$ का मान क्या होगा?

(A) 6

(B) 75

(C) 51

(D) 9

Q23 यदि P का अर्थ + है, Q का अर्थ – है, R का अर्थ × है, तो निम्न व्यंजक का मान क्या होगा?

(9R4) P (5R5) Q7 = ?

(A) 27

(B) 45

(C) 72

(D) 54

Q24 यदि × का अर्थ ÷ है, + का अर्थ × है, – का अर्थ + है और ÷ का अर्थ – है, तो निम्न व्यंजक का मान क्या होगा?

$68 - 12 \times 4 + 6 \div 3 = ?$

(A) 117

(B) 69

(C) 83

(D) 77

Q25 निम्नलिखित में से कौन सा आरेख नीचे दिए गए वर्गों के बीच के संबंध को सबसे अच्छी तरह से दर्शाता है?

शनि ग्रह, सूर्य, तारे

(A) 

(B) 

(C)

(D) 

Q26 निम्नलिखित में से कौन सा आरेख नीचे दिए गए वर्गों के बीच के संबंध को सबसे अच्छी तरह से दर्शाता है?

बैंगनी, नारंगी, रंग

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q27 निम्नलिखित में से कौन सा आरेख नीचे दिए गए वर्गों के बीच के संबंध को सबसे अच्छी तरह से दर्शाता है?

केला, अमरूद, नाशपाती

(A)

(B) 

(C) 

(D) 

Q28 नीचे एक पासे की दो विभिन्न स्थितियां दर्शाई गई हैं, ज्ञात करें कि कौन सा अक्षर R अक्षर वाले फलक के विपरीत वाले फलक पर दिखाई देगा।



(A) P

(B) Q

(C) R

(D) T

Q29 दी गई शीट को मोड़कर एक घन बनाया जाता है। इस प्रकार बने घन में '2' दर्शाने वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन सी संख्या होगी?



(A) 5

(B) 4

(C) 3

(D) 6

Q30 एक पासे की तीन विभिन्न स्थितियां दर्शाई गई हैं। ज्ञात करें कि कौन सा चिह्न, @ चिह्न वाले फलक के विपरीत वाले फलक पर दिखाई देगा।



(A) %

(B) !

(C) &

(D) #

Q31 निम्नलिखित में से कौन-सा, GUI का समर्थन **नहीं** करता है?

(A) MS-DOS

(B) Windows 7

(C) Windows 10

(D) Linux

Q32 कंप्यूटर के डिस्प्ले का आयताकार भाग जो वर्तमान में उपयोग किए जा रहे प्रोग्राम को दिखाता है, _____ कहलाता है।

(A) आइकन

(B) विंडो

(C) बटन

(D) रिबन

Q33 निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे आम GUI आधारित ऑपरेटिंग सिस्टमों में से एक है जिसे Microsoft द्वारा विकसित और विपणन किया गया है?

(A) DOS

(B) Windows

(C) Linux

(D) Unix

Q34 प्रत्येक वेब पेज को एक URL द्वारा दर्शाया जाता है। URL का विस्तारित रूप क्या है?

(A) Uniform Resource Locator (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर)

(B) Uneven Resource Locator (अनइवन रिसोर्स लोकेटर)

(C) Uniform Resource Level (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लेवल)

(D) Uniform Ranking List (यूनिफ़ॉर्म रैंकिंग लिस्ट)

Q35 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक सॉफ्टवेयर इंटरफ़ेस प्रदान करता है, जो आपको WWW पर हाइपरलिंक्ड संसाधनों पर क्लिक करने की अनुमति देता है?

(A) URL

(B) URI

(C) ब्राउज़र

(D) IP एड्रेस

Q36 HTTP एक एप्लिकेशन लेयर प्रोटोकॉल है जो WWW को सुचारू रूप से और प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम बनाता है। HTTP का विस्तारित रूप क्या है?

(A) Hyper Text Transfer Protocol (हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफ़र प्रोटोकॉल)

(B) Hyper Text Transformation Protocol (हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफॉर्मेशन प्रोटोकॉल)

(C) Hyper Text Transfer Pipeline (हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर पाइपलाइन)

(D) Huge Text Transfer Pipeline (ह्यूज टेक्स्ट ट्रांसफर पाइपलाइन)

Q37 निम्नलिखित में से कौन सा एक वैध IP एड्रेस **नहीं** है?

(A) 10.10.10.10

(B) 100.100.100.100

(C) 250.251.255.256

(D) 200.100.50.10

Q38 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प निम्नलिखित कथनों की सत्यता का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(i) Safari एक वेब ब्राउज़र है जिसे Apple Inc द्वारा विकसित किया गया है।

(ii) Edge एक वेब ब्राउज़र नहीं है।

(A) (i)–सही; (ii)–सही

(B) (i)–सही; (ii)–गलत

(C) (i)–गलत; (ii)–सही

(D) (i)–गलत; (ii)–गलत

Q39 निम्नलिखित में से किस स्मृति (मेमोरी) को अपनी सामग्री (कंटेंट) हटाने के लिए पराबैंगनी प्रकाश की आवश्यकता होती है?

(A) SRAM

(B) DRAM

(C) EPROM

(D) EEPROM

Q40 हार्ड डिस्क भंडारण सतह (स्टोरेज सरफेस) के प्रत्येक ट्रैक को समान आकार के खंडों में विभाजित किया जाता है, जिसे _____ कहा जाता है।

(A) लोकेशन

(B) सिलेंडर

(C) सेक्टर

(D) चंक्स

Q41 निम्नलिखित में से कौन कंप्यूटर सिस्टम के समग्र कामकाज को नियंत्रित करता है?

(i) नियंत्रण इकाई (कंट्रोल यूनिट)

(ii) अंकगणितीय तर्क इकाई (ALU)

(A) केवल (i)

(B) केवल (ii)

(C) (i) और (ii) दोनों

(D) न तो (i) न ही (ii)

Q42 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा, भंडारण उपकरणों के, उनकी भंडारण क्षमता के संदर्भ में, **सही** क्रम का निरूपण करता है?

(A) कैश मेमोरी < प्राथमिक मेमोरी < द्वितीयक मेमोरी

(B) कैश मेमोरी > प्राथमिक मेमोरी > द्वितीयक मेमोरी

(C) कैश मेमोरी > प्राथमिक मेमोरी < द्वितीयक मेमोरी

(D) कैश मेमोरी < प्राथमिक मेमोरी > द्वितीयक मेमोरी

Q43 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा, दिए गए कथनों की सत्यता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(i) केंद्रीय प्रक्रमण इकाई (CPU) सीधे प्राथमिक संग्रहण के साथ संचार करता है।

(ii) हार्ड डिस्क पर संग्रहीत डेटा को पहले प्राथमिक संग्रहण में स्थानांतरित किया जाता है और उसके बाद इसे CPU द्वारा प्राप्त (एक्सेस) किया जाता है।

(A) (i)–सही; (ii)–सही

(B) (i)–सही; (ii)–गलत

(C) (i)–गलत; (ii)–सही

(D) (i)–गलत; (ii)–गलत

Q44 4.0 GHz की कालद गति वाले CPU का अर्थ है कि यह एक सेकंड में _____ चक्रों को संसाधित (प्रोसेस) कर सकता है।

(A) 400 करोड़ (4 बिलियन)

(B) 40 लाख (4 मिलियन)

(C) 100 करोड़ (1 बिलियन)

(D) 10 लाख (1 मिलियन)

Q45 निम्नलिखित में से कौन–सा, एक हैंड-हेल्ड (हाथ में चलाने योग्य) इनपुट डिवाइस है जिसका उपयोग स्क्रीन पर कर्सर या पॉइंटर को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है?

(A) लाइट पेन

(B) माउस

(C) कीबोर्ड

(D) OCR

Q46 निम्नलिखित में से कौन सी कंप्यूटर कीबोर्ड की मान्य श्रेणी **नहीं** है?

(A) DVORAK

(B) AZETRY

(C) QWERTY

(D) AZERTY

Q47 निम्नलिखित में से कौन सी एक इनपुट डिवाइस है, लेकिन आउटपुट डिवाइस **नहीं** है?

(i) माउस

(ii) ट्रैकबॉल

(A) केवल (i)

(B) केवल (ii)

(C) (i) और (ii) दोनों

(D) न तो (i) न ही (ii)

Q48 निम्नलिखित में से कौन सी कुंजी (की) एक मानक कंप्यूटर कीबोर्ड पर दो बार (डुप्लिकेट) **नहीं** दिखाई देती है?

(A) Tab

(B) Ctrl

(C) Alt

(D) Shift

Q49 निम्नलिखित में से कौन–सा, बड़ी स्क्रीन पर आवर्धित टेक्स्ट, चित्र और वीडियो बनाने के लिए प्रकाश और लेंस का उपयोग करता है?

(A) प्रोजेक्टर

(B) पेज प्रिंटर

(C) प्लाज्मा मॉनिटर

(D) LED मॉनिटर

Q50 निम्नलिखित में से कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम का मान्य कार्य **नहीं** है?

(A) उपकरण प्रबंधन (डिवाइस मैनेजमेंट)

(B) डेटाबेस प्रबंधन (डेटाबेस मैनेजमेंट)

(C) फ़ाइल प्रबंधन (फ़ाइल मैनेजमेंट)

(D) प्रक्रिया प्रबंधन (प्रोसेस मैनेजमेंट)

Q51 फ़ाइल प्रबंधन के संदर्भ में, FAT का पूर्ण रूप क्या है?

(A) File Allocation Table (फ़ाइल एलोकेशन टेबल)

(B) File Allocation Task (फ़ाइल एलोकेशन टास्क)

(C) Faster Access Task (फास्टर एक्सेस टास्क)

(D) Faster Access Table (फास्टर एक्सेस टेबल)

Q52 निम्नलिखित में से किस प्रकार का ऑपरेटिंग सिस्टम एक से अधिक माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग करता है?

(A) रीयल-टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम

(B) मल्टीप्रोसेसिंग ऑपरेटिंग सिस्टम

(C) मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम

(D) मल्टीयूजर ऑपरेटिंग सिस्टम

Q53 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा निम्नलिखित कथनों की सत्यता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(i) रीयल-टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम समयबद्ध तरीके से काम करते हैं।

(ii) Windows 10 एक रीयल-टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम है।

(A) (i)–सही; (ii)–सही

(B) (i)–सही; (ii)–गलत

(C) (i)–गलत; (ii)–सही

(D) (i)–गलत; (ii)–गलत

Q54 निम्नलिखित में से कौन सा MS-Word में एक मान्य अनुच्छेद संरेखण (पैराग्राफ एलाइनमेंट) विकल्प **नहीं** है?

(A) Left (लेफ्ट)

(B) Right (राइट)

(C) Justify (जस्टिफाई)

(D) Diagonal (डायगोनल)

Q55 MS-Word 2019 फ़ाइल की सभी सामग्री (कंटेंट) का चयन करने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट क्या है?

(A) Alt + A

(B) Alt + S

(C) Ctrl + S

(D) Ctrl + A

Q56 निम्नलिखित में से कौन-सा, MS-Word 2016 का डिफ़ॉल्ट फ़ॉन्ट प्रकार है?

(A) Arial (एरियल)

(B) Calibri (कैलिब्री)

(C) Times New Roman (टाइम्स न्यू रोमन)

(D) Courier New (कूरियर न्यू)

Q57 MS-Excel कार्यपत्रक (वर्कशीट) के कक्ष (सेल) में फॉर्मूला डालने के लिए निम्नलिखित में से किस विशेष वर्ण (कैरेक्टर) का उपयोग किया जाता है?

(A) $

(B) #

(C) &

(D) =

Q58 MS-Excel कार्यपत्रक (वर्कशीट) के कक्ष-परास (सेल रेंज) C4:H10 में कितने कक्ष होंगे?

(A) 6

(B) 7

(C) 13

(D) 42

Q59 अंतिम Excel ऑपरेशन को फिर से (REDO) करने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट क्या है?

(A) Ctrl + R

(B) Ctrl + Y

(C) Alt + R

(D) Alt + Y

Q60 निम्नलिखित MS-Excel फार्मूला का मान क्या होगा?

=FLOOR(250, 25)

(A) 249

(B) 240

(C) 250

(D) 275

Q61 किताब उल-हिंद किसने लिखी थी?

(A) फिरदौसी

(B) अल-बेरुनी

(C) जियाउद्दीन बरनी

(D) अबुल फज़ल

Q62 हड़प्पा सभ्यता का कौन सा स्थल कपास की खेती से संबंधित था?

(A) मोहनजोदड़ो

(B) मेहरगढ़

(C) कालीबंगा

(D) लोथल

Q63 भगवान बुद्ध के बारे में कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(A) बुद्ध का जन्म शाक्य गण में हुआ था।

(B) वे क्षत्रिय वर्ण से संबंध रखते थे।

(C) उन्होंने साल के वृक्ष के नीचे दिव्य ज्ञान प्राप्त किया था।

(D) उन्होंने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया था।

Q64 चोल अभिलेखों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा भूमि के वर्गीकरण का सही विवरण **नहीं** है?

(A) देवदान - मंदिरों को भेंट की गई भूमि

(B) ब्रह्मदेय - ब्राह्मणों को भेंट की गई भूमि

(C) शालाभोग - किसी विद्यालय के अनुरक्षण के लिए भूमि

(D) वेल्लनवगाई - जैन संस्थाओं को दान की गई भूमि

Q65 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मिट्टी मुख्य रूप से पाई जाती है?

(A) जम्मू और कश्मीर

(B) राजस्थान

(C) महाराष्ट्र

(D) झारखंड

Q66 चंपारण नील आंदोलन के नेता कौन थे?

(A) जे.पी. नारायण

(B) राज नारायण

(C) महात्मा गांधी

(D) राजेन्द्र प्रसाद

Q67 महात्मा गांधी ने किस कारण से असहयोग आंदोलन को अचानक बंद कर दिया था?

(A) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(B) चौरी चौरा कांड

(C) काकोरी षडयंत्र

(D) खिलाफत आंदोलन का पतन

Q68 घटनाओं का निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित **नहीं** है?

(A) बंगाल का विभाजन – 1905

(B) अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन – 1906

(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विभाजन – 1907

(D) लखनऊ समझौता – 1911

Q69 भारत के बारे में निम्नलिखित में से कौन सी सूचना सही **नहीं** है?

(A) भारत का कुल भूमि क्षेत्र – 3.28 मिलियन वर्ग km

(B) अक्षांशीय विस्तार – 8°4'N - 37°6'N

(C) देशांतरीय विस्तार – 68°7'E - 97°25'E

(D) कुल भूमि सीमा – 18200 km

Q70 भारत के पश्चिमी घाट की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है?

(A) महेन्द्रगिरि

(B) अनाईमुडी

(C) डोडा बेट्टा

(D) वावुल माला

Q71 सिंधु जल संधि, 1960 के अनुसार, भारत, सिंधु नदी प्रणाली से कितने पानी का उपयोग कर सकता है?

(A) 50%

(B) 30%

(C) 25%

(D) 20%

Q72 भारत की जनगणना 2011 का क्रम (ऑर्डर ऑफ सेंसस) क्या है?

(A) 13वां राष्ट्रीय जनगणना सर्वेक्षण

(B) 14वां राष्ट्रीय जनगणना सर्वेक्षण

(C) 15वां राष्ट्रीय जनगणना सर्वेक्षण

(D) 16वां राष्ट्रीय जनगणना सर्वेक्षण

Q73 2011 की जनगणना के अनुसार, भारतीय जनसंख्या के बारे में कौन सी जानकारी सही **नहीं** है?

(A) कुल जनसंख्या - 121 करोड़ (अनुमानित)

(B) जनसंख्या वृद्धि दर - 13.73%

(C) जनसंख्या घनत्व - 382

(D) ग्रामीण जनसंख्या - 68.8%

Q74 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की निम्नलिखित में से किस अनुसूचित भाषा को बोलने वालों की संख्या नगण्य है?

(A) बोडो

(B) कोंकणी

(C) नेपाली

(D) संस्कृत

Q75 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार,, अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

(A) 8.6%

(B) 16.6%

(C) 13.6%

(D) 17.6%

Q76 निम्नलिखित में से कौन सी कदन्न (मिलेट) फसल **नहीं** है?

(A) अलसी

(B) ज्वार

(C) बाजरा

(D) रागी

Q77 निम्नलिखित में से कौन सा एक सार्वजनिक क्षेत्र उद्योग का उदाहरण है?

(A) टिस्को (TISCO)

(B) सेल (SAIL)

(C) हिंडाल्को (Hindalco)

(D) आईटीसी (ITC)

Q78 भारत में किस प्रकार का वन क्षेत्र सबसे अधिक फैला हुआ है?

(A) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

(B) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

(C) मोंटाने वन

(D) मैंग्रोव वन

Q79 द वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में कितने बायोस्फीयर रिज़र्व शामिल किए गए हैं?

(A) 18

(B) 12

(C) 10

(D) 8

Q80 निम्नलिखित में से कौन सा नवीकरणीय संसाधनों का उदाहरण **नहीं** है?

(A) सौर ऊर्जा

(B) वन्य जीवन

(C) जीवाश्म ईंधन

(D) वन

Q81 किस राज्य में 'स्लैश एंड बर्न (झूम)' प्रकार की कृषि को कुरुवा के नाम से जाना जाता है?

(A) झारखंड

(B) हरियाणा

(C) बिहार

(D) उत्तराखंड

Q82 भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?

(A) टी.टी. कृष्णमाचारी

(B) बी.आर. अम्बेडकर

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) वी.बी. पटेल

Q83 भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी (सोशलिस्ट)' शब्द किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया था?

(A) 40वां संविधान संशोधन

(B) 41वां संविधान संशोधन

(C) 42वां संविधान संशोधन

(D) 44वां संविधान संशोधन

Q84 भारत की न्यायपालिका प्रणाली में पी.आय.एल (PIL) का पूर्ण रूप क्या है?

(A) Premier Indian Law (प्रीमियर इंडियन लॉ)

(B) Public Interest before Law (पब्लिक इन्ट्रेस्ट बिफोर लॉ)

(C) Primary Investigation by Law (प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन बाय लॉ)

(D) Public Interest Litigation (पब्लिक इन्ट्रेस्ट लिटिगेशन)

Q85 भारतीय संसद की लोकसभा के बारे में कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(A) कुल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 543 हैं।

(B) बहुमत प्राप्त करने के लिए किसी दल के पास लोकसभा में कम से कम 272 या अधिक सीटें होनी चाहिए।

(C) भारत के प्रधानमंत्री लोकसभा में सत्तारूढ़ दल के नेता होते हैं।

(D) मंत्रियों का कार्य वितरण, लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।

Q86 निम्नलिखित में से किस परिघटना में कोई ठोस बिना पिघले सीधे गैस में परिवर्तित हो जाता है?

(A) संलयन

(B) वाष्पीकरण

(C) उर्ध्वपातन

(D) रूपांतरण

Q87 एक दीप्त फ्लोरोसेंट ट्यूब (glowing fluorescent tube) के भीतर द्रव्य अवस्था क्या होती है?

(A) प्लाज्मा

(B) अर्द्ध-ठोस

(C) द्रव

(D) गैस

Q88 उत्तल दर्पण का उपयोग सामान्यत: किस काम के लिए किया जाता है?

(A) रियर-व्यू दर्पण

(B) सर्च लाइट

(C) वाहनों की हेडलाइट

(D) दाढ़ी बनाने के लिए काम में लिया जाने वाला दर्पण

Q89 'राजीव गांधी खेल रत्न' पुरस्कार का नाम बदलकर _____ कर दिया गया है।

(A) मेजर ध्यानचंद खेल रत्न

(B) भारतीय खेल रत्न

(C) राष्ट्रीय खेल रत्न

(D) मिल्खा सिंह खेल रत्न

Q90 'काति बिहू (Kati Bihu)' उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

(A) ओडिशा

(B) असम

(C) पश्चिम बंगाल

(D) कर्नाटक

Q91 कौन सा राज्य हर साल 'तोशाली राष्ट्रीय शिल्प मेला' आयोजित करता है?

(A) ओडिशा

(B) बिहार

(C) उत्तराखंड

(D) आंध्र प्रदेश

Q92 भारतीय नृत्य और संबंधित राज्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) भरतनाट्यम – तमिलनाडु

(B) मोहिनीअट्टम – केरल

(C) सत्रिया – असम

(D) छऊ – गुजरात

Q93 2022 तक टोक्यो ओलंपिक के दौरान भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कौन थे?

(A) राजीव मेहता

(B) नरिंदर ध्रुव बत्रा

(C) एन. रामचंद्रन

(D) वी.के. मल्होत्रा

Q94 एफ.आई.एच. (FIH) पुरुष हॉकी स्टार अवार्ड 2020-2021 में 'प्लेयर ऑफ द ईयर' के रूप में किसे सम्मानित किया गया था?

(A) हरमनप्रीत सिंह

(B) सविता पुनिया

(C) शर्मिला देवी

(D) विवेक प्रसाद

Q95 राष्ट्रमंडल खेल 2022 के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(A) इसका आयोजन बर्मिंघम में किया जाएगा।

(B) हॉकी इंडिया इस आयोजन में भाग नहीं लेगी।

(C) महिला वर्ग के इवेंट पुरुष वर्ग से कम होंगे।

(D) पेरी (Perry) इस आयोजन का आधिकारिक शुभंकर है।

Q96 राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में महिलाओं के खिलाफ़ अपराध के कितने मामले सामने आए?

(A) 3,71,503

(B) 4,71,503

(C) 5,71,503

(D) 2,71,503

Q97 A, Z को क्षति पहुँचाने, डराने या मुसीबत में डालने के इरादे से, Z की सहमति के बिना, एक कुत्ते को Z पर छलाँग मारने के लिए उकसाता है। यहाँ, A के बारे में कहा जाता है कि _____।

(A) उसने Z पर हमला किया है

(B) उसने एक खतरनाक जानवर को उकसाया है

(C) उसने बल प्रयोग किया है

(D) उसने आपराधिक बल का प्रयोग किया है

Q98 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 का उद्देश्य महिलाओं को निम्नलिखित में से किस तरह की हिंसा से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना है?

(A) जो किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं।

(B) जो केवल परिवार में मनोवैज्ञानिक हिंसा की शिकार होती हैं।

(C) जो केवल परिवार में शारीरिक हिंसा की शिकार होती हैं।

(D) जो संयुक्त परिवार में किसी भी प्रकार की केवल लैंगिक हिंसा की शिकार होती हैं।

Q99 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत 'आरोप' किस भाषा में लिखा जाता है?

(A) अंग्रेज़ी भाषा में

(B) आरोपी व्यक्तियों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में

(C) न्यायालय की भाषा में

(D) न्यायाधीश द्वारा समझी जाने वाली भाषा में

Q100 सती (निवारण) अधिनियम 1987 की धारा 5 के तहत, जो कोई सती कर्म के गौरवान्वयन का कोई कार्य करेगा, उसे कम से कम _____ की अवधि के लिए कारावास की सज़ा दी जाएगी।

(A) एक वर्ष

(B) दो वर्ष

(C) छह माह

(D) तीन माह

Q101 बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशेध और विनियमन) अधिनियम 1986 की धारा 2(ii) के तहत, "बालक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जिसने _____ या नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 (2009 का 35 वाँ) में यथा निर्दिष्ट आयु, जो भी अधिक हो, पूरी न की हो।

(A) बारह वर्ष की आयु

(B) चौदह वर्ष की आयु

(C) दस वर्ष की आयु

(D) सोलह वर्ष की आयु

Q102 किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 2 (7) के तहत निम्नलिखित में से "प्राधिकरण" का क्या अर्थ है?

(A) राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

(B) जिला दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

(C) केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

(D) ग्राम दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण

Q103 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 8 के अनुसार लैंगिक हमले के लिए निर्धारित सज़ा इनमें से क्या है?

(A) कम से कम तीन वर्ष के लिए कारावास, लेकिन जिसे पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है तथा जुर्माना

(B) कम से कम छह महीने की अवधि के लिए कारावास, लेकिन जिसे पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है तथा जुर्माना

(C) कम से कम दो वर्ष के लिए कारावास, लेकिन जिसे पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है तथा जुर्माना

(D) कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए कारावास, लेकिन जिसे पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है तथा जुर्माना

Q104 किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 2(35) के तहत निम्नलिखित में से क्या, "किशोर" का अर्थ है?

(A) सोलह वर्ष से कम आयु का बालक

(B) तेरह वर्ष से कम आयु का बालक

(C) अठारह वर्ष से कम आयु का बालक

(D) बारह वर्ष से कम आयु का बालक

Q105 भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 326B निम्नलिखित में से किस अपराध से संबंधित है?

(A) घोर उपहति

(B) एसिड हमला

(C) सामूहिक बलात्कार

(D) महिलाओं की लज्जा भंग

Q106 प्रोफेसर अमलानंद घोष ने किस वर्ष राजस्थान में कालीबंगा स्थल की पुन : खोज (शोध) की थी?

(A) 1952

(B) 1953

(C) 1954

(D) 1955

Q107 राजस्थान के जालौर जिले में किस सभ्यता की खोज हुई है?

(A) बालाथल सभ्यता

(B) बागोर सभ्यता

(C) बैराठ सभ्यता

(D) भीनमाल सभ्यता

Q108 प्राचीन विराटनगर, मत्स्य देश की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी है?

(A) सीकर

(B) बैराट

(C) नाथद्वारा

(D) पाली

Q109 मराठों ने निम्नलिखित में से किस वर्ष अजमेर पर आधिपत्य जमाया था?

(A) 1770

(B) 1532

(C) 1559

(D) 1762

Q110 महाराणा संग्राम सिंह _____ के बीच मेवाड़ के राजपूत शासक थे।

(A) 1610 और 1625

(B) 1530 और 1542

(C) 1636 और 1652

(D) 1509 और 1527

Q111 मारवाड़ के शाही घराने से संबद्ध एक राजपूत रईस और सत्रहवीं शताब्दी के भारत में मुगल सम्राट शाहजहाँ के दरबारी कौन थे?

(A) पृथ्वी राज चौहान
(B) अमरसिंह राठौड़
(C) बप्पा रावल
(D) राणा कुंभा

Q112 1883 में, किस जनजाति के किसानों ने बांसवाड़ा और डूंगरपुर क्षेत्र में गोविंदगिरी आंदोलन प्रारंभ किया था?

(A) सांसी
(B) भील
(C) गरासिया
(D) बिजोरिया

Q113 राजस्थान में हुए एकी किसान आंदोलन का नेतृत्व किसने किया?

(A) मोतीलाल तेजावत
(B) नाथूराम शर्मा
(C) ठक्कर बापा
(D) कुंभाराम आर्य

Q114 1883 में राजस्थान में संप सभा की स्थापना क्यों की गई थी?

(A) जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के लिए
(B) आदिवासी क्षेत्रों के लिए मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए
(C) जनजातियों में राजनीतिक जागरूकता पैदा करने के लिए
(D) आदिवासी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए

Q115 राजस्थान में बिजोलिया किसान आंदोलन कब प्रारंभ हुआ था?

(A) 1897
(B) 1854
(C) 1853
(D) 1899

Q116 राजस्थान के निम्नलिखित में से किस नगर में 'सांगानेरी गेट' स्थित है?

(A) जोधपुर
(B) उदयपुर
(C) अजमेर
(D) जयपुर

Q117 राजस्थान आकार में _____ है।

(A) त्रिभुजाकार (triangular)
(B) समांतर असम चतुर्भुजाकार (rhomboid)
(C) पंचभुजाकार (pentagonal)
(D) षट्कोणीय (hexagonal)

Q118 निम्नलिखित में से कौन सा जिला राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र का भाग है?

(A) अलवर
(B) सीकर
(C) हनुमानगढ़
(D) चित्तौड़गढ़

Q119 राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान अपने पक्षी जीवों के लिए प्रसिद्ध है?

(A) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(B) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
(C) दर्रा राष्ट्रीय उद्यान
(D) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान

Q120 निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान का सर्वाधिक आर्द्र क्षेत्र और सर्वाधिक वनीय क्षेत्र है?

(A) दौसा

(B) करौली

(C) भरतपुर

(D) वागड़

Q121 2012 के पशुधन गणना के अनुसार, राजस्थान में भारत के पशु उत्पादन का लगभग _____ प्रतिशत है।

(A) दस

(B) सात

(C) पंद्रह

(D) दो

Q122 पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को प्रारंभ में 2017 से _____ तक तीन चरणों में पूरा करने का प्रस्ताव था।

(A) 2025

(B) 2026

(C) 2022

(D) 2023

Q123 राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा कच्चे तेल का उत्पादन क्षेत्र **नहीं** है?

(A) कमलेश्वरी

(B) मंगला

(C) गुगलवा

(D) सरस्वती

Q124 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार,राजस्थान भारत का _____ सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है।

(A) दसवाँ

(B) आठवाँ

(C) दूसरा

(D) तीसरा

Q125 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार,राजस्थान की साक्षरता दर कितनी है?

(A) 45.32%

(B) 75.12%

(C) 66.11%

(D) 30.56%

Q126 फरवरी, 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान में कुल कितने जिले हैं?

(A) 12

(B) 33

(C) 9

(D) 20

Q127 राजस्थान को विकास के लिए - _____ कृषि जलवायु क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है।

(A) पंद्रह

(B) पाँच

(C) दस

(D) आठ

Q128 अक्टूबर, 2021 तक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, राजस्थान का विशेष आर्थिक क्षेत्र (Special Economic Zone) **नहीं** रहा है?

(A) सोमानी वर्स्टेड लिमिटेड, खुशखेड़ा, भिवाड़ी, अलवर

(B) बालाभारती इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर

(C) जेनपैक्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर (जयपुर) प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर

(D) मानसरोवर औद्योगिक विकास निगम, जोधपुर

Q129 निम्नलिखित में से किसे भारत के टेक्सटाइल सिटी के रूप में जाना जाता है?

(A) भिवाड़ी

(B) गंगापुर

(C) मुकुंदगढ़

(D) भीलवाड़ा

Q130 वी.एस. (VS) लिग्नाइट पावर प्लांट राजस्थान के _____ जिले में स्थित है।

(A) बाड़मेर

(B) बारां

(C) बीकानेर

(D) बाँसवाड़ा

Q131 जून, 2021 में लागू की गई मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के _____ छात्रों के लिए है।

(A) कक्षा I से V तक के

(B) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे

(C) कक्षा X के

(D) कक्षा IX के

Q132 राजस्थान के मुख्यमंत्री ने 2021 में सद्भावना दिवस पर किस योजना का शुभारंभ किया?

(A) अन्नपूर्णा रसोई योजना

(B) वसुंधरा रसोई योजना

(C) इंदिरा रसोई योजना

(D) राजीव रसोई योजना

Q133 निम्नलिखित में से कौन सी, राजस्थान में स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम-आधारित पर्यटन सर्किट **नहीं** है?

(A) डिजर्ट सर्किट (Dessert Circuit)

(B) स्पिरिचुअल सर्किट (Spiritual Circuit)

(C) हेरिटेज सर्किट (Heritage Circuit)

(D) नाथद्वारा सर्किट (Nathdwara Circuit)

Q134 जनजाति कल्याण प्रकोष्ठ (ट्राइबल वेलफेयर सेल) की स्थापना _____ में राजभवन, जयपुर में की गई।

(A) 2015

(B) 2011

(C) 2017

(D) 2005

Q135 निम्नलिखित में से किस वर्ष बारां जिले को राजस्थान के पहले के कोटा जिले से अलग करके बनाया गया?

(A) 1995
(B) 1998
(C) 1991
(D) 1999

Q136 निम्नलिखित में से कौन, दिसंबर 1992 में राष्ट्रपति शासन से ठीक पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री थे?

(A) श्री. शिव चरण माथुर
(B) श्रीमती. वसुंधरा राजे
(C) श्री. अशोक गहलोत
(D) श्री. भैरों सिंह शेखावत

Q137 निम्नलिखित में से किस वर्ष राजस्थान सरकार ने राज्य मानवाधिकार आयोग के गठन के लिए अधिसूचना जारी की थी?

(A) 1995
(B) 1996
(C) 1999
(D) 2000

Q138 निम्नलिखित में से कौन, नवंबर 2021 तक राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रहे हैं?

(A) श्री टीका राम मीणा
(B) श्री प्रवीण गुप्ता
(C) श्री बलदेव सिंह
(D) श्री सुशील कुमार लोहानी

Q139 चंबल नदी के तट पर निम्नलिखित में से कौन सा किला स्थित है?

(A) नाहरगढ़ किला
(B) आमेर किला
(C) शेरगढ़ किला
(D) जयगढ़ किला

Q140 निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर राजस्थान के खजुराहो के नाम से जाना जाता है?

(A) दिलवाड़ा मंदिर
(B) बिड़ला मंदिर
(C) गलताजी मंदिर
(D) किराडू मंदिर

Q141 निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर राजस्थान में दसवीं शताब्दी के विकसित प्रतिहार शैली के मंदिरों से संबंधित है?

(A) श्री जगत शिरोमणि मंदिर
(B) एकलिंगजी मंदिर
(C) घाटेश्वर मंदिर
(D) करणी माता मंदिर

Q142 निम्नलिखित में से कौन सी, राजस्थान में पाई जाने वाली आदिवासी-दीवार की एक कला है?

(A) पन्ने
(B) मांडना
(C) कावड़
(D) गोदना

Q143 नागौर जिले का बानुवर्त गाँव _____ के लिए प्रसिद्ध है।

(A) हाथीदाँत के कार्य

(B) नीली मिट्टी के बर्तन

(C) टेराकोटा

(D) मीनाकारी

Q144 राजस्थानी लोकचित्रों में से कौन-सा, कपड़े पर **नहीं** बनाया जाता है?

(A) पट

(B) पिछवाई

(C) फड़

(D) पथवारी

Q145 निम्नलिखित में से किस लोक देवता का जन्म राजस्थान के चुरू जिले के ददरेवा में हुआ था?

(A) तेजा जी

(B) गोगा जी

(C) पाबू जी

(D) देव नारायण जी

Q146 निम्नलिखित में से कौन सा मेला कार्तिक पूर्णिमा पर कोलायत, बीकानेर में लगता है?

(A) करणी माता मेला

(B) कजली तीज मेला

(C) बाबा रामदेव जी का मेला

(D) कपिल मुनि मेला

Q147 राजस्थान का कौन सा समुदाय चेरी नृत्य करता है?

(A) भील

(B) गुज्जर

(C) बंजारा

(D) कामड़ा

Q148 राजस्थान के घूमर लोकनृत्य का विकास किस जनजाति ने किया था?

(A) धनका

(B) सहरिया

(C) गरासिया

(D) भील

Q149 राजस्थानी साहित्य के वर्गीकरण के अनुसार, प्रारंभिक युग को _____ काल के रूप में जाना जाता है।

(A) भक्ति

(B) वीरगाथा

(C) श्रृंगार

(D) रीति और नीति

Q150 सितंबर 2021 में भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता में _____ स्थान पर है।

(A) दूसरे

(B) पाँचवें

(C) पहले

(D) छठे

रफ कार्य